एसएसबी ने ग्रामीणों को दी 250 लालटेन

स्केल संस्था ने किया सहयोग



लालटेन देते अधिकारी

हल्द्वानी। सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय रानीखेत की पांचवीं वाहिनी चम्पावत, 11वीं वाहिनी डीडीहाट और 49वीं वाहिनी पीलीभीत के अंतर्गत आने वाले सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे ग्रामीणों को 250 लालटेन दी गई। एसएसबी के महानिरीक्षक श्याम सिंह, अध्यक्ष संदीक्षा सीमांत रानीखेत संतोष कुंवर शेखावत, सेक्रेटरी जनरल स्केल (एनजीओ) अरुण सिन्हा ने मंगलवार को काठगोदाम स्थित शिविर में सुदूर क्षेत्रों से आए हुए ग्रामीणों को 250 सोलर लालटेन दी। इस मौके पर स्केल संस्था के अरुण सिन्हा ने संस्था के क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएसबी महानिरीक्षक श्याम सिंह ने कहा कि एसएसबी भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा के साथ ही समय-समय पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों के विकास व कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करता आ रहा है। उन्होंने स्वयंसेवी संस्था स्केल को सोलर ऊर्जा चलित लालटेन प्रदान करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी स्केल संस्था जरूरतमंद सीमांत वासियों की इसी तरह मदद करेगी। इस दौरान एसएसबी के डा. पीके रोशन, वीके शर्मा, एसएस राय, संदीप रावल, प्रेम चंद्र, ग्राम प्रधान प्रहलाद राम, लक्ष्मी देवी, झामा देवी, अर्चना गुंज्याल, पुष्पा देवी, सोम देवी, रामनारायण, बसंत राम समेत कई अधिकारी व लोग मौजूद थे।